Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 22-08-2006
Participants : Muqueem Shri Mohammed

an>

Title : Need to monitor the functioning of Sidharth Nagar District Cooperative Bank in Uttar Pradesh.

मो. मुकीम (डुमरियागंज) : महोदय, जनपद सिद्धार्थनगर में जिला सहकारी बैंक तथा इसकी समस्त इकाइयां दिवालया हो गयी हैं। जिला सहकारी बैंक तथा इसकी इकाइयों में जी0आर0वाइ0 का खाता, प्राथमिक विद्यालयों तथा छात्रवृतियों का खाता, ग्राम सभाओं का खाता, विभिन्न विकासात्मक कार्य हेतु खोले गये सरकारी खाते और गीरब व मजलूम किसानों के व्यक्तिगत खातों का संचालन होता है। उक्त बैंक में भारी वित्तीय अनियमितता कर इसको दिवालिया बना दिया गया है। परिणामतः सभी तरह के खाताधारक दर दर भटकने को मजबूर हैं तथा सभी प्रकार के विकास कार्य अवरूद्ध हो गये हैं।

अतः आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि जिला सहकारी बैंक सिद्धार्थनगर को दिवालियापन बनाने वाले जिम्मेदार अधिकारियों और पदाधिकारियों के खिलाफ उच्चस्त्रीय जांच करायी जाए, साथ ही खाताधारकों की समस्त देनदारियां यथाशीघ्र सुनिश्चित की जाएं ताकि विकास तथा अन्य कार्य प्रभावित न हो सकें।